तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025



12 भाजपा ने चलाया स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम





14 शिव सैनिकों ने धूमधाम से मनाई रामनवमी ...






# गांव-गांव में लग रही सुशासन संध्या चौपाल में मिल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत 12 अप्रैल से ग्राम पंचायतों में सुशासन संध्या चौपाल का आयोजन किया जा रहा है जो 31 मई तक चलेगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा में आयोजित सुशासन संध्या चौपाल का अवलोकन किया। उन्होंने विकसित पंचायत एवं स्वच्छ पंचायत बनाने की दिशा में कार्य करने की अपील की। इस अवसर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई।

कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में आवेदन प्राप्त किया गया जिसमें जिले से 2 लाख से अधिक आवेदन मिले है। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण की कार्यवाही शुरू हो गई है। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविर चयनित ग्राम पंचायत में आयोजित किये जायेंगे जिसमें आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सुशासन संध्या में लोगों को कला जत्था एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। अपने पंचायत को शतप्रतिशत साक्षर, एनीमिया मुक्त एवं स्वच्छ बनाएं। नशामुक्ति के लिए मुहीम चलाएं। सुशासन संध्या चौपाल का आयोजन प्रत्येक विकासखंड के 2 ग्राम पंचायत में अपरान्ह 4 बजे से 6 बजे तक प्रतिदिन किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने सुशासन संध्या चौपाल का किया अवलोकन



### जल संचयन एवं स्वच्छता की शपथ ली

सुशासन संध्या चौपाल में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारत माता की छायाचित्र पर माल्यार्पण तत्पश्चात कला जत्था एवं नुक्कड़ नाटको की प्रस्तुति, मुख्यमंत्री जी के सन्देश एवं शासन की योजनाओं का वीडियो प्रदर्शन, सुशासन पर परिचर्चा, विभिन्न योजनाओं पर आधारित क्विज, पंचायत में खुशहाली के सप्तरंगी सूत्र का वाचन एवं संकल्प, जल संचयन एवं स्वच्छता शपथ लिया जा रहा है। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज, आआईटीआई एवं पोलिटेक्निक कॉलेजो में भी 12 से 25 अप्रैल तक सुशासन तिहार को लेकर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

## खबर संक्षेप

### आंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के निर्देशानुसार भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर 14 अप्रैल 2025 को जिला स्तरीय समरोह का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम बलौदाबाजार स्थित जिला ऑडिटोरियम में अपरान्ह 1:30 बजे से प्रारम्भ होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुख शामिल होंगे।इस दौरान राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सम्बोधन को एलईडी स्क्रीन पर देखा व सुना जाएगा।

### आंबेडकर जयंती कार्यक्रमों में शामिल होंगे शैलेन्द्र बंजारे



**पलारी।** संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के 134 जयंती को घुमधाम से मनाया जाएगा। शैलेन्द्र बंजारे जिला पंचायत सदस्य अपने निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 पलारी क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पलारी में सुबह डॉ प्रतिमा में माल्यार्पण कर सतनामी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आयोजित बाइक रैली एवं जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे।बलौदी में दोपहर एक बजे से आयोजित डीजे के साथ रैली एवं अम्बेडकर जयंती में सम्मिलित होंगे। ग्राम लकड़ियां में तीन बजे मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर डा अम्बेडकर प्रतिमा अनावरण एवं जयंती समारोह में शामिल होंगे।चार बजे ग्राम लरिया में आयोजित प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में विधायक संदीप साहू के साथ विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे ।वहीं शाम 6 बजे ग्राम वटगन में आयोजित अम्बेडकर जयंती समारोह में शामिल होंगे।

### दतान मे नवधा रामायण समारोह आज से



**पलारी।** ग्राम दतान प मे अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन 14 से 22 अप्रैल तक नवधा रामायण समिति के तत्वावधान में रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्र के साथ और दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष शिवकुमार फेकर, उपाध्यक्ष केशरी वर्मा, सचिव ओमकार सिँहा, कोषाध्यक्ष सुँदर फेकर, सहसचिव दुलार साहू, सरक्षक अविनाश वर्मा ने बताया कि दुर दराज की मानस मँडली को रामकथा की महिमा का बखान करने आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक मानस परिवार को 501 रूपये और सुँदरकाँड पुस्तिका से पुरस्कृत किया जाएगा।

## पर्व : हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का किया गया सामूहिक पाठ

# हनुमान जयंती पर मंदिरों में लगा रहा भक्तों का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

चौत्र पूर्णिमा एवं हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर प्रातः से अंचल के हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही । वहीं देर रात्रि तक मंदिरों में माथा टेकने श्रद्धालु पहुंचते रहे। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण अंचल के भगवान संकट मोचन हनुमान मंदिरों में रामायण पाठ भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम पूरे दिन भर चलता रहा। वहीं सरोपी तालाब स्थित चिंताहरण भगवान बजरंगबली मंदिर में प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

सुबह 7 बजे श्रृंगार पूजन व आरती किया गया एवं प्रसाद वितरण प्रारम्भ किया गया। दोपहर 12 बजे राज भोग चढ़ाया गया व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया तथा


▶▶ शेष पेज 13 पर






### हनुमान जन्मोत्सव पर मोहरा में निकाली गई भव्य रैली

**हिरमी रावन।** ग्राम मोहरा में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में धार्मिक उत्साह और भक्ति की भावना देखने को मिली। गली-गली में भ्रमण करती इस रैली ने लोगों को प्रभु श्री हनुमान के प्रति आस्था और श्रद्धा से सराबोर कर दिया। रैली में गांव की महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। पारंपरिक परिधानों में सजी हुई महिलाओं ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर पूरे गांव में भ्रमण किया। महिलाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ रैली में सम्मिलित हुए। गांव की गलियों में गूंजते जयकारों और भजनों ने एक पावन वातावरण का निर्माण किया। हनुमान जन्मोत्सव के इस विशेष मौके पर ग्राम मोहरा में एक नया ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



# भैंसापसरा में 1.50 किलो गांजा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी ऑपरेशन विश्वास के तहत भैंसापसरा बलौदाबाजार में मादक पदार्थ गांजा की अवैध बिक्री करने वाले 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

- आरोपी के पास से 1 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद

मुखबिर सूचना पर शनिवार को थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा भैंसापसरा में घेराबंदी कर बिक्री करने के लिए अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने वाले आरोपी जीत भारती को पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस टीम ने आरोपी जीत भारती एवं उसके झोपडीनुमा घर का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जहां से एक झिल्ली में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई में मिले गांजे का विधिवत तौल कराया गया, जिसमें कुल 1 किलो 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 14 हजार रूपए है।

प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में आरोपी जीत भारती 24 वर्ष निवासी दीनदयाल चौक तिल्दा थाना नेवरा जिला रायपुर वर्तमान निवासी भैंसापसरा बलौदाबाजार के विरुद्ध धारा 20 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# शिवनाथ सूखने की कगार पर संयत्र पर पानी चोरी का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर में जल का सबसे बड़ा स्त्रोत सदानीरा शिवनाथ नदी के लम्बे समय के बाद अनेक एनीकेट में पानी सूखने से नदी का धारा प्रवाह रुक गया है। गूडाघाट एनीकेट के नदी का पानी ज्यादा गहराई होने से रुका है, लेकिन संरक्षित पानी को सिल्वा चूडाडिह एनीकेट से एक निजी कम्पनी द्वारा लाखों लीटर नदी का पानी खींचा जा रहा है। जहां भीषण गर्मी में पीने का पानी संराक्षित करना सबसे ज्यादा जरूरी है, वहीं 100 एचपी के मोटरपंप से उद्योग कृषि व्यापार के लिये लाखों लीटर पानी प्रतिदिन खीचा जा रहा है। भीषण गर्मी के दौरान यहां बड़ा सवाल उठता है कि क्या शिवनाथ नदी से भारी तदाद मे नदी पानी खीचने का आदेश प्रशासन से मिला है।जनहित के मुद्दे पर लगातार समाचार प्रकाशन के बाद भी जवाबदार लोगों की चुप्पी यथावत है।

- लापरवाह व अनियमितता के चलते सूख रही नदी

# जवानों ने किया 20 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं सर्वधर्म रक्तदाता फाउंडेशन के तत्वावधान में पुलिस कम्युनिटी हाल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस जवानों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में कुल 20 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। रक्तदान से प्राप्त रक्त से प्रसव, दुर्घटना, सर्जरी के साथ-साथ एनीमिया, सिकल सेल और हीमोफीलिया के मरीजों को भी मदद मिलती है, जिन्हें समय-समय पर रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है।

### कलेक्टर ने की रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता की अपील

कलेक्टर दीपक सोनी ने इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता से रक्तदान करने की अपील की है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि रक्तदान शिविर हेतु दान दाताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे लोग रक्तदान हेतु आगे आ रहे हैं। रक्तदान महादान है इसके माध्यम से किसी मरीज की जान बचाई जा सकती है ।18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है।

## सामूहिक विवाह समारोह में बैलगाड़ी में निकली बारात

**बलौदाबाजार ।** आज आधुनिक युग में यातायात की उपलब्ध सुविधाओं के बावजूद रविवार को आदिवासी समाज द्वारा आयोजित सामुहिक विवाह समारोह के लिए वर पक्ष के द्वारा बैलगाड़ियों में बारातियों को बिठाकर बारात ले जाई गई । इस दौरान सभी बैलगाडियों में बरातियों को गर्मी से बचाने के लिए बैलगाड़ी में विशेष प्रबंध करने के साथ सामाजिक ध्वज लगाया गया था । बलौदाबाजार भाटापारा मार्ग पर ग्राम खम्हरिया के समीप गुर्रा में रविवार को आयोजित इस वैवाहिक कार्यक्रम में 54 जोड़ो के वैवाहिक बंधन में बंधने की जानकारी दी गई । मुख्य मार्ग पर निकाली गई बारात लोगो का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने से कई राहगीर एक जगह रूककर बारात को देखते खड़े रहने से सड़क के किनारे भीड़ लग गई थी।





## नई सरकारी शराब दुकान खोले जाने पर भी किया कड़ा विरोध

# महिला समूहों ने रैली निकालकर कोचियों को दी शराब बिक्री बंद करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

ग्राम पंचायत व सांसद गोद ग्राम रहे पुरगांव में रविवार को सक्रिय महिला व महिला समूहों द्वारा अवैध शराब की बिक्री व पुरगांव में शासकीय भठ्ठी के विरोध में पुरगांव के सड़को में रैली निकालकर नारे बाजी करते हुए अवैध शराब ब्रिकी कर रहे कोचियों के खिलाफ जमकर नारे बाजी करते हुए कोचियों द्वारा अवैध शराब विक्रय बंद करने की चेतावनी दी गई तथा राज्य सरकार द्वारा गांव में शासकीय शराब दुकान खोले जाने पर भी कड़ी विरोध किया। अवैध शराब बिक्री होने पर गांव का माहौल पूर्ण रूप से खराब हो रहा है तथा आय दिन लड़ाई झगड़ा की हालात बनी रहती है जिससे बच्चो व महिलाओं एवम ग्रामवासियों को इनका सीधा असर पड़ रहा है ।



### उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

आज का यहां विरोध रैली ग्राम के राधाकृष्ण मंदिर से शुरू होकर मेंन रोड बस स्टेंड, दुर्गा मंदिर चौक, राम मंदिर चौक, समलाई चौक,भाठापारा से धनुहार पारा इंदिरा आवास मौहाल्ला होते हुए नहर पार से गांधी चौक पहुच कर पूरे ग्राम के गलियों में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन कर अवैध शराब बंद करने के लिए सरपंच को ज्यापन सौंपा। महिला समूहों ने जल्द ही कोचियों के अवैध शराब बिक्री बंद नही करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस विरोध रैली में सैकड़ों की बड़ी संख्या में महिला समूह की महिलाएं व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अमलीडीह के स्काउड गाइड के विद्यार्थियों ने खोला प्याऊ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

शासकीय हाई स्कूल अमलीडीह के स्काउड गाईड के छात्र-छात्रओं के द्वारा रविवार को बलौदाबाजार भाटापारा मुख्य मार्ग स्थित ग्राम खम्हरिया में प्याऊ घर खोलकर राहगीरो को गर्मी में शीतल जल पिलाने का शुभारंभ किया गया है। स्काउड गाईड संघ भाटापारा के सचिव श्रवण सिंघरौल एवं सक्रिय स्काउटर शरदचंद्र देउकर, रमेश वर्मा, सुनील ब्रम्हनकर के मार्गदर्शन में विद्यालय के स्काउट छात्र प्रवीण, देवप्रकाश, उमेश, तरूण, जीतू तथा ग्राम खम्हरिया की गाईड छात्राएं रूपम, अनन्या, गोमती, रागनी, तुलसी साहू ने अपनी सेवा दी।

## खबर संक्षेप

### नए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त जयवदन इंगले ने किया पदभार ग्रहण

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय अविष्य निधि आयुक्त-1 जयवदन इंगले ने नए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त वर्ग-1 के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त 1 श्री इंगले का स्वागत किया और उन्हें कर्मचारी भविष्य निधि के क्षेत्रीय कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं अन्य जानकारियों से अवगत कराया गया। साथ ही कार्यालयीन कर्मचारियों से परिचय भी करवाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-2 गौरव डोगरा, सुनील कुमार, भविष्य निधि आयुक्त के सहायक सुधांशु निकेतन मिश्रा, सहायक निदेशक विकास शुक्ल आदि उपस्थित थे।

### चोरी के चार मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** पुलिस ने मंदिर हसौद तथा विधानसभा थाना क्षेत्र में चोरी के चार अलग-अलग मामलों में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से साढ़े छह लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर, बाइक, कैश के साथ अन्य सामान जब्त किए हैं। पुलिस ने चोरी के आरोप में गुलशन कुमार पटेल उर्फ झक्की, नंद कुमार यादव, हरि विश्वकर्मा, धनेंद्र देवदास उर्फ धन्ना को गिरफ्तार किया है। गुलशन पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

### बिरगांव में कांग्रेसियों ने गृहमंत्री का पुतला फूंका

**रायपुर।** कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दुर्ग जिले में मासूम नाबालिग बेटी के साथ हुई अमानवीय घटना पर रोष व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि एवं शांतिसभा का आयोजन किया। बीरगांव के कांग्रेसियों ने उग्र प्रदर्शन कर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुये उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका और उनके इस्तीफे की मांग की है। पंकज शर्मा ने कहा, प्रदेश में आये दिन गंभीर किस्म के अपराध घटित हो रहे हैं। अपराधियों के हौसले बुलंद हो गये हैं। दुर्ग की इस घटना ने साबित कर दिया है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी, पार्षद मो. रियाज ओमप्रकाश, ईश्वर बंजारे, डिकेन्द्र सिन्हा, जानू भार्गव, चंदन पाल, छवि धीवर, सुदन सिकली, पूर्व पार्षद मनोज तिवारी आदि शामिल रहे।

### जॉब फेयर 15 को



**रायपुर।** सेल्स जॉब, बैक ऑफिसर, टेली कॉलर, सर्विस एसोसिएट, टेक्निशियन एवं एक्सिक्यूटिव एकाउंट जैसे विभिन्न 34 पदों पर भर्ती के लिए 15 अप्रैल को रायपुर स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब फेयर के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक मोनेट टॉक बिजनेस एवं पीवीआर इनोक्स लिमिटेड रायपुर द्वारा 12वीं उत्तीर्ण, स्नातक (बी.कॉम) और आईटीआई (इलेक्ट्रॉनिक) कर चुके युवा आवेदन कर सकते हैं।

### आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 15 अप्रैल से

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए, बी.कॉम, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्राओं तथा एमए, एमएससी, पीजीडीसीए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं की प्रथम सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 15 से 24 अप्रैल तक आयोजित की गई है।

# बढ़ती सड़क दुर्घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट की कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष ने जताई चिंता

## कमेटी के अध्यक्ष मनोहर सप्रे ने सड़क दुर्घटना रोकने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर शनिवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में केमेटी के अध्यक्ष ने वर्ष 2024 और 2025 में हुई सड़क दुर्घटनाओं और उनमें हुई मौतों की तुलनात्मक जानकारी ली। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना को लेकर श्री सप्रे ने गंभीर चिंता व्यक्त की। श्री सप्रे ने दुर्घटना रोकने प्रभावी तथा ठोस कदम उठाने कहा। उन्होंने संबंधित विभागों से दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण करने और संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।




### भारत की तुलना में विदेशों में मृत्युदर कम

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष ने बताया कि भारत की तुलना में जापान, जर्मनी और अमेरिका में सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने वाले लोगों की संख्या कम होती है। इसका कारण है कि वहां वाहन चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग किया जाता है। उन्होंने जिले के सभी वाहनों के बीमा, फिटनेस और वाहन चालकों के लाइसेंसों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क सुरक्षा उपयों की जानकारी ली। उन्होंने एनएचएआई, यातायात पुलिस एवं परिवहन, नगर निगम आयुक्तों से भी सड़क सुरक्षा के संबंध में उठाए गए कदम के बारे में चर्चा की।

सड़क दुर्घटना रोकने कमेटी के अध्यक्ष श्री सप्रे ने जन जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटना में कमी लाना है, जिससे प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु कम हो सके। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु में बिना हेलमेट और बिना सीटबेल्ट पहने वाहन चलाने वाले की संख्या ज्यादा होती है, इसलिए बिना हेलमेट पहने और बिना सीटबेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाए। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हांकन के बाद यथाशीघ्र सुधारात्मक उपाय करने निर्देश दिए।

## घोटाला खुलने के दौरान हेल्थ सेंटरों में जाकर कर दिया था लॉक

# खून संबंधी जांच का बुरा हाल, 'मोक्षित' ने सीबीसी मशीन को ऐसा किया लॉक, अब तक नहीं खोल पाए इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश के छोटे स्वास्थ्य केंद्रों में खून संबंधी जांच का बुरा हाल है। इन हेल्थ सेंटरों में मोक्षित कार्पोरेशन ने सीबीसी मशीन की सप्लाई की थी। घोटाला खुलने के दौरान मोक्षित के कर्मचारियों ने इन मशीन को कोड डालकर ऐसा लॉक किया जिसे अब तक दूसरे इंजीनियर नहीं खोल पाए हैं। कोड की वजह से इसमें दूसरा रीएजेंट काम नहीं कर सकता, राज्य के स्वास्थ्य केंद्रों में पांच सौ से ज्यादा मशीन की सप्लाई हुई थी। बाजार में 5 लाख रुपए में मिलने वाली इस मशीन को 17 लाख रुपए में खरीदा गया था।

मोक्षित द्वारा सप्लाई सीबीसी मशीन के कंडम होने की स्थिति लगभग आठ महीने से बनी हुई है। जिन स्वास्थ्य केंद्रों में दूसरी कंपनी की मशीन है अथवा जहां संबंधित कंपनी के इंजीनियर नहीं पहुंच पाए, वहां मरीजों को खून से संबंधित जांच की सुविधा दी जा रही है। शेष स्थानों पर सैंपल लेकर हमर लैब भेजे जा रहे हैं अथवा मरीजों को प्राइवेट लैब में जाकर टेस्ट कराने की सलाह दी जा रही है। 660 करोड़ के घोटाले में सीबीसी मशीन की बड़ी हिस्सेदारी है।

बाजार में लगभग 5 लाख रुपए में मिलने वाली इस जांच मशीन को 17 लाख रुपए प्रति के हिसाब से खरीदा गया था, जिससे घोटाले की रकम एक अरब तक पहुंच गई।

इतना ही नहीं, सीबीसी मशीन में दूसरा रीएजेंट काम नहीं कर पाए, इसके लिए लॉक कोड का चक्रव्यूह तैयार किया गया, जिसे अब तक स्वास्थ्य विभाग के इंजीनियर नहीं तोड़ पाए। सूत्रों का कहना है कि अगर इंजीनियर मशीन को खोलने में कामयाब होते हैं, तभी करीब एक अरब की मशीन कबाड़ होने से बच पाएगी।



रीएजेंट-उपकरण घोटाला की जांच जारी

**मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी 7 अप्रैल तक रहेंगे जेल में**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीजीएमएससी और स्वास्थ्य संचालनालय में हुए अरबों रुपए के रीएजेंट-उपकरण घोटाले की जांच जारी है। इसकी वजह से मामले में पूर्व में गिरफ्तार मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा की न्यायिक रिमांड की अवधि 7 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। मामले में शुक्रवार को पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्हें रिमांड पर लेकर ईओडब्लू पूछताछ कर रही है।

- ईओडब्लू की अदालत ने बढ़ाई न्यायिक रिमांड की अवधि
- पांच आरोपियों को रिमांड पर लेकर चल रही पूछताछ

मामले की जांच के दौरान ईओडब्लू खरीदी और सप्लाई से संबंधित तमाम दस्तावेजों की बारीकी से अध्ययन कर आरोपियों से पूछताछ कर क्रास चेक कर रही है। मामले में जनवरी के अंतिम दिनों में हुई पहली गिरफ्तारी और इस महाघोटाले के अहम किरदार मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा की पिछली रिमांड के अंतिम दिन सोमवार को ईओडब्लू के स्पेशल कोर्ट में पेशी हुई। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि प्रकरण की विवेचना अधूरी है, इस आधार पर शशांक की न्यायिक रिमांड की अवधि ⏭ शेष पेज 13 पर

**पूछताछ के लिए विधानसभा से बुलाया**

सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को जिन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, उन्हें लगभग पांच घंटे पहले पूछताछ के लिए ईओडब्लू के कार्यालय बुलाया गया था। इनमें से एक अधिकारी विधानसभा सत्र का अंतिम दिन होने की वजह से वहां मौजूद था, अफसरों ने जरूरी पूछताछ का हवाला दिया। सभी के आने के बाद रात में उन्हें बताया गया कि आप गिरफ्तार हो चुके हैं।

### राजधानी के कई स्वास्थ्य केंद्रों में

कोडवर्ड से लॉक हुई मशीन राजधानी में गुढ़ियारी, भनपुरी सहित कई स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद है। इसके साथ राज्य के अन्य हेल्थ सेंटरों में भी करीब छह साल पहले मशीनों की सप्लाई की गई थी। इसके बाद तीन वर्ष पूर्व खराब होने की शिकायत पर काफी स्वास्थ्य केंद्रों की मशीनों को बदला गया था। घोटाले का मामला चर्चा में आया, तो कंपनी के कर्मचारी मेंटेनेंस के बहाने मशीन को लॉक कर चले गए थे, जिसका कोड अस्पताल कर्मचारियों को नहीं बताया गया, जिससे मशीन अनुपयोगी होकर रह गई।

### दवा कार्पोरेशन का टेंडर चर्चा में

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन द्वारा हाल में रीएजेंट, उपकरण की खरीदी के लिए जारी टेंडर चर्चा में आ गया है। जेम पोर्टल के बजाए इसे ईप्रॉक माध्यम से खरीदने का प्रयास किया जा रहा है। जानकार लोगों का कहना है कि रीएजेंट की खरीदी स्वास्थ्य केंद्रों से आने वाली डिमांड को ध्यान में रखकर की गई है। दूसरी ओर आरोप यह लगाया जा रहा है कि रीएजेंट की खरीदी पुरानी कंपनी के हित को ध्यान में रखकर की जा रही है।

# सदर, बूढ़ापारा में भी स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 24 घंटे जल आपूर्ति का अधूरा काम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने बैठक कर पेयजल आपूर्ति की ली जानकारी

गर्मी के मौसम में शहर के आउटर इलाके में पेयजल संकट की बात छोड़ें, यहां तो राजधानी के प्राइम लोकेशन पर स्थित सदरबाजार और बूढ़ापारा में पेयजल संकट से लोगों को जूझना पड़ रहा है। वार्ड पार्षद एवं जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने मोतीबाग स्थित जोन 4 दफ्तर में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सदर और बूढ़ापारा इलाके में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी द्वारा 24 घंटे जल आपूर्ति योजना की धीमी रफ्तार को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। ठेकेदार को काम में तेजी लाने उन्होंने मैनपावर बढ़ाने की हिदायत दी।

शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति का प्रोजेक्ट रायपुर स्मार्ट सिटी अब तक पूरा नहीं कर पायी है। इसके चलते गर्मी के सीजन में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। सदरबाजार और बूढ़ापारा क्षेत्र में अनुबंधित एजेंसी ने सर्वे कर 5750 लोगों के यहां नये कनेक्शन देना तय किया, पर अभी तक केवल इन इलाकों में केवल 2700 कनेक्शन दिया गया है। जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने बकाया घरों में नए कनेक्शन देने का काम जल्द करने निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सिटी कोतवाली से तात्यापारा तक अंडरग्राउंड बिजली केबल डालने के बाद पानी की पाइप लाइन ऊपर से बिछाई गई है। चूंकि पूर्व में नई पाइप लाइन से पानी टेस्टिंग नहीं हुई, इसलिए अब एक ही स्थान से बिजली और पानी की पाइप लाइन जाने से लोगों की चिंता बढ़ गयी है।

सदर बाजार और बूढ़ापारा क्षेत्र में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत 2700 घरों में पानी की खपत जांचने स्वचालित वाटर मीटर लगाये जाने थे। बैठक में जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह सहित जोन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसीआई में नर्सिंग भर्ती की प्रतीक्षा सूची वायरल, अस्पताल प्रबंधन ने बताया फर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- नियुक्ति आदेश में दस लोगों के नाम, 30 अप्रैल तक ज्वाइनिंग का जिक्र भी

आंबेडकर अस्पताल से संबंधित एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में नर्सिंग भर्ती के लिए प्रतीक्षा सूची सोशल मीडिया में वायरल हो गई है। पहली सूची में शामिल लोगों द्वारा ज्वाइनिंग नहीं दिए जाने का हवाला देकर दस लोगों की दूसरी लिस्ट जारी की गई। सूची में शामिल लोगों ने इस बारे में अस्पताल में संपर्क किया, तो अस्पताल प्रबंधन ने इस आदेश को फर्जी करार दिया है।

जानकारी के अनुसार एसीआई राज्य का एकमात्र हृदय संबंधी रोगों का इलाज करने वाला संस्थान है। यहां फैकल्टी की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसी बीच आठ अप्रैल को कार्यालय संयुक्त संचालक एवं चिकित्सा अधीक्षक के नाम से एक नियुक्ति आदेश वायरल हो गया। आदेश नर्सिंग स्टाफ से भर्ती से संबंधित है। इसमें एसीआई में स्टाफ नर्स एवं एएनएम की सीधी भर्ती का जिक्र है। बताया गया है कि दस पदों पर चयनित उम्मीदवारों ने नियत तिथि तक अपनी ज्वाइनिंग नहीं दी थी। इसीलिए प्रतीक्षा सूची में शामिल दस लोगों का नाम जारी कर उन्हें 30 अप्रैल तक कार्यभार ग्रहण करने का जिक्र था। पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया था कि जिन्हें ज्वाइनिंग लेटर नहीं मिला है, वे संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक के कार्यालय से संपर्क कर आदेश प्राप्त कर अपना कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं। इस पत्र के आधार पर लोगों ने जब अस्पताल प्रबंधन से संपर्क करना शुरू किया, तो उन्हें इस फेक आर्डर का पता चला। अस्पताल प्रबंधन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में स्टाफ नर्स एवं एएनएम से संबंधित ऐसी कोई भी भर्ती सूचना जारी नहीं की गई है।

# छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी की विकराल समस्या



आप के प्रदेश प्रभारी संदीप पाठक ने प्रेसवार्ता में कहा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जनता बेरोजगारी की विकराल समस्या जूझ रही है। इससे पहले तत्कालीन कांग्रेस सरकार भी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनकर रह गई थी, जिसके कारण जनता ने फिर भाजपा सरकार को चुना था, लेकिन वह भी जनता के उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई।बेरोजगारी की समस्या जस के तस है। बेरोजगारों को आखिर कब रोजगार मिलेगा। यह बातें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने बेरोजगारी को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य या देश में समृद्धि और सुख का मूल परिचायक रोजगार से होता है। पिछली सरकार में बेरोजगारी के आंकड़ों में खेल किया। प्रदेशभर में आज लगभग 17 लाख बेरोजगार हैं। इन बेरोजगारों को आखिर कब रोजगार मिलेगा। श्री पाठक ने स्कूलों में शिक्षकों की कमी पर हमला करते हुए कहा कि 63 हजार शिक्षा विभाग में पद खाली हैं। इनमें 5500 स्कूल में 1 भी शिक्षक नहीं है, वहीं रायपुर में ही 27 स्कूल हैं, जहां 1 ही शिक्षक है और 610 स्कूल है, जहां शिक्षक ही नहीं हैं। छत्तीसगढ़ में 11 साल से शिक्षकों की वरिष्ठता की सूची नहीं निकाल पाए हैं। उन्होंने कहा कि 8वीं तक तो बच्चों को ग्रेस से पास करा दिया जाता है और 9वीं के बाद 90 प्रतिशत रिजल्ट लाने का प्राचार्यों पर दबाव रहता है।

# तेंदूपत्ता बोनस घोटाला, मिले इनपुट में दर्जनभर वनकर्मी संदेह के दायरे में, जल्द होगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सुकमा, कोंटा में वर्ष 2021 तथा 2022 के तेंदूपत्ता बोनस वितरण घोटाला में ईओडब्लू के अफसरों को महत्वपूर्ण इनपुट मिले हैं। निलंबित आईएफएस अशोक कुमार पटेल तथा अन्य वनकर्मियों के यहां चली दो दिन की कार्रवाई में अफसरों को करीब दर्जनभर वनकर्मियों के घोटाले में शामिल होने की जानकारी मिली है। इस संबंध में ईओडब्लू के अफसर वनकर्मियों को नोटिस जारी कर पूछताछ करने तलब कर सकते हैं।

ईओडब्लू वर्ष 2021 तथा 2022 में तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ताओं को सात करोड़ बोनस वितरण में से तीन करोड़ 62 लाख रुपए की गड़बड़ी के आरोपों की जांच कर रही है। जांच एजेंसी ने दो दिन पूर्व सुकमा, कोंटा में निलंबित आईएफएस अशोक कुमार, पूर्व विधायक, सीपीआई नेता मनीष कुंजाम सहित आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में आईएफएस अफसर सहित वनकर्मियों के ठिकानों से जांच एजेंसी ने इलेक्ट्रॉनिक के साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त कर जांच करने के साथ संबंधितों से पूछताछ की। पूछताछ में तेंदूपत्ता बोनस वितरण घोटाला मामले में कई और निचले स्तर के वन अफसरों के साथ वनकर्मियों की संलिप्तता पाई गई है। जिन लोगों की बोनस घोटाला में संलिप्तता पाई गई है, उन लोगों को ईओडब्लू के अफसर पूछताछ के लिए तलब करेंगे।



### घोटाले का लिंक जोड़ने की कोशिश

तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ताओं को दी जाने वाली बोनस राशि वितरण में घोटाले की ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम कड़ी जोड़ने में जुट गई है। इसके लिए जांच अफसर घोटाले का मेन सूत्रधार कौन है, इसके बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। जांच में ईओडब्लू के अफसरों के केंद्र में निलंबित आईएफएस अफसर अशोक कुमार है। घोटाले में वनकर्मियों की भूमिका को लेकर ईओडब्लू के अफसर जांच कर रहे हैं।

### पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई

तेंदूपत्ता बोनस राशि घोटाला में ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसरों ने गुरुवार को जिन लोगों के ठिकानों में दबिश दी थी, उन लोगों को पूछताछ करने ईओडब्लू ऑफिस तलब किया जाएगा। साथ ही जो नए एक दर्जन संदेही सामने आए हैं, ईओडब्लू के अफसर उन्हें भी पूछताछ के लिए तलब करेंगे। सभी से पूछताछ के बाद ईओडब्लू के अफसर आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

### घर में मिले लाखों रुपए का स्त्रोत नहीं बता पाया

छापे की कार्रवाई के दौरान ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसरों ने तत्कालीन वनमंडल कार्यालय के कर्मी राजशेखर पुराणिक के निवास से 26 लाख 63 हजार सात सौ रुपए नकद जब्त किया था। जब्त राशि के संबंध में ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसरों ने राजशेखर से पूछताछ की। दो दिन की पूछताछ के बाद भी राजशेखर जब्त राशि के बारे में ईओडब्लू के अफसरों को कोई ठोस जानकारी नहीं दे पाया।

### नेटवर्क बनाकर घोटाला

बोनस राशि वितरण मामले में ईओडब्लू के अफसरों को वन विभाग के निलंबित डीएफओ द्वारा निचले स्तर के अफसर, वनकर्मियों के साथ नेटवर्क बनाकर घोटाला को अंजाम दिए जाने की आशंका है। जांच एजेंसी घोटाला के नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल थे, इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

## सोना पहली बार 96 हजार के पार, दाम एक लाख तक जाने की संभावना

# इतिहास में पहली बार 10 ग्राम सोना और एक किलो चांदी के दाम 96900

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


सोने और चांदी की लगातार बढ़ती कीमत पर अमेरिका के टैरिफ वार के कारण एक बार अप्रैल के पहले सप्ताह में विराम लगने के बाद अब फिर से दाम आसमान पर जाने लगे हैं। जहां सोना पहली बार 96 हजार के पार होकर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, वहीं इतिहास में पहली बार दस ग्राम सोने और एक किलो चांदी के दाम एक ही 96900 रुपए हो गए हैं। जब राजधानी रायपुर में शनिवार को बाजार बंद हुआ, तो इसी कीमत पर बाजार बंद हुआ है। इसके पहले चार अप्रैल को सोने और चांदी के एक ही दाम 92 हजार रुपए हुए थे, लेकिन तब सोना 92 हजार और चांदी की कीमत 92500 थी। अब दोनों के दाम में एक रुपए का भी अंतर नहीं है। सोने और चांदी की कीमत में इस साल ज्यादातर इजाफा ही हुआ है। टैरिफ वार के कारण एक बार अप्रैल के पहले सप्ताह में सोने और चांदी के दाम कम होने लगे। सोने के दाम रिकॉर्ड 94 हजार तक जाने के बाद कम होते गए और इसके दाम सोमवार को 91100 रुपए पर आ गए। इसके बाद से मंगलवार से दाम बढ़ने का क्रम प्रारंभ हो गया। अब दाम बढ़ते-बढ़ते शनिवार को 96900 तक पहुंच गए।

### नए साल में सोना 18500 महंगा

नए साल में अब तक सोने के दाम 18500 रुपए बढ़े हैं, यह अब तक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी इतने कम समय में इतने दाम नहीं बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। इसके बाद कीमत में कमी आई और फिर मार्च में कीमत में तेजी आती चली गई। मार्च में माह के अंतिम दिन कीमत ने नया रिकॉर्ड बनाया और कीमत 93 हजार के भी पार हो गई। इसके बाद अब अप्रैल में कीमत और आसमान पर जा रही है। अब तो कीमत 96900 हो गई है। सोमवार को बाजार खुलने पर दाम 97 हजार के पार जा सकते हैं।

# शेयर मार्केट में ज्यादा मुनाफा का झांसा देकर डॉक्टर से ठग लिए 33 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- अकाउंट फ्रीज होने पर मिली ठगी की जानकारी

शेयर मार्केट में ज्यादा मुनाफा मिलने का झांसा देकर जालसाज ने एक डॉक्टर से 32 लाख 80 हजार रुपए की ठगी की है। अकाउंट फ्रीज होने के बाद डॉक्टर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। जालसाज ने फंसाने के लिए किसी दूसरी जगह से ठगी के 75 हजार रुपए डॉक्टर के अकाउंट में ट्रांसफर किए। इसके कारण डॉक्टर की पत्नी का अकाउंट फ्रीज हो गया। अकाउंट फ्रीज होने पर डॉक्टर को अपने साथ ठगी की जानकारी मिली। घटना पंडरी थाना क्षेत्र की है।

दलदल सिवनी कुल होम निवासी डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज ने पुलिस को बताया है कि उसके पास सोशल मीडिया के माध्यम से एसबीआई सिक्यूरिटीज एंड आईबीएचके के शेयर में अच्छा मुनाफा मिलने का मैसेज आया। मैसेज देख डॉक्टर ने अपनी पत्नी के अकाउंट से जालसाज के अकाउंट में दो लाख ट्रांसफर कर दिया। रकम ट्रांसफर करने के चंद दिनों के बाद डॉक्टर की पत्नी के अकाउंट में 75 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। 75 हजार मुनाफा मिलने पर डॉक्टर लालच में फंस गया और अलग-अलग किस्तों में जालसाज के अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर दिया।

### *अकाउंट फ्रीज होने पर मिली जानकारी*

*डॉक्टर जालसाज के अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर रहा था, इस दौरान बैंक ने डॉक्टर तथा उनकी पत्नी का अकाउंट फ्रीज कर दिया। बैंक जाकर डॉक्टर ने अकाउंट फ्रीज होने की जानकारी ली, तो उन्हें पता चला कि उनके अकाउंट में फ्राड खाते से रकम ट्रांसफर होने की वजह से अकाउंट फ्रीज किया गया है। इसके बाद डॉक्टर ने केरल, थ्रीसूर सिटी के सायबर पुलिस से संपर्क किया, तो केरल पुलिस ने डॉक्टर को उनके अकाउंट में फ्राड रकम आने की पुष्टि की।*

## खबर संक्षेप

### पदभार ग्रहण समारोह में सैकड़ों समर्थक हुए शामिल

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष नंदकुमार साहू का भव्य पदभार ग्रहण समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थक शामिल हुए और लगातार समर्थक ढोल-नगाड़े की थाप पर नाचते एवं थिरकते देखे गए, जहां पर रायपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी के अलावा कई पार्षद एवं भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिलीप साहू, प्रदीप साहू, गिरधर साहू, शशांक मिश्रा, नंदू साहू, तुलसी साहू, गौतम साहू आदि ने मिलकर व्यवस्थाओं को संभाला। कार्यक्रम में रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्याम बैस भी शामिल हुए। अंत में कार्यक्रम की समाप्ति पर श्री साहू ने सभी आगंतुकों का आभार जताते हुए भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### न्याय यात्रा के लिए कांग्रेस ने गठित की समिति

**रायपुर।** 18 से 21 अप्रैल तक रायपुर से दुर्ग तक आयोजित 4 दिवसीय न्याय यात्रा के सफल आयोजन के लिए कांग्रेस ने विभिन्न समितियों का गठन किया है। समितियों के प्रभारियों से कहा गया है कि न्याय यात्रा के विभिन्न व्यवस्थाओं का सुखरू संचालन कर यात्रा का सफल बनाने में योगदान दें। समिति में कार्यक्रम प्रभारी, प्लानिंग कमेटी, यात्रा रूट कमेटी, आवास एवं टेंट कमेटी, भोजन व्यवस्थाख वाहन व्यवस्था और मीडिया कमेटी का गठन किया गया है।

### जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू ने संभाला पदभार

**रायपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर पालिक निगम जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू ने खमतराई पानी टंकी परिसर स्थित जोन कार्यालय में पूजा-अर्चना कर जोन अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने पर जोन अध्यक्ष गज्जू साहू को रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने जोन कार्यालय के अध्यक्षीय कक्ष में पहुंचकर बुके प्रदान कर हार्दिक शुभकामनायें दीं। श्री साहू को नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, नंद कुमार साहू, संतोष-सीमा साहू, नंदकिशोर साहू, गोदावरी साहू, गोपी साहू, योगेश शेंडे, बजरंग खंडेलवाल, जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव सहित विशिष्टजनों ने फूल मालाओं से स्वागत कर हार्दिक बधाई दी।

## अभियान : मात्र 45 हजार 653 शिकायतों से संबंधित आवेदन

# सुशासन तिहार में मिले 11 लाख 99 हजार आवेदनों में 96 प्रतिशत मांगों से संबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनता की समस्याओं के निदान के लिए सुशासन तिहार के तहत गांव-गांव, शहर-शहर आवेदन लिए गए हैं। सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में सीधे आवेदन लिए गए। मांग और शिकायत रखने के लिए ऑनलाइन सुविधा भी दी गई है। चार दिन में कुल 11 लाख 99 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। इनमें 11 लाख 55 हजार 124 मांगों से संबंधित आवेदन आए हैं। जो कुल आवेदन का 96 प्रतिशत है। वहीं मात्र 45 हजार 653 शिकायतों से संबंधित आवेदन हैं।

सुशासन तिहार के शिविर में आवास, स्वास्थ्य सहायता, मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत, पेयजल, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, साफ-सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे सामान्य आवेदन ही ज्यादा आए। इसके अलावा राजस्व से संबंधित आवेदन भी मिल रहे हैं। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित समाधान, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। समाधान शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक



**इतने आवेदन मिले**

| | ऑनलाइन | शिविर में | शिकायत पेटी में |
|---|---|---|---|
| मांग | 190804 | 867969 | 98871 |
| शिकायत | 22887 | 20010 | 2719 |
| कुल | 213691 | 884668 | 101301 |

योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी स्वयं शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन से संवाद करेंगे और विकास कार्यों व योजनाओं से मिल रहे लाभ का फीडबैक लेंगे। साथ ही औचक निरीक्षण के माध्यम से चल रहे निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति और गुणवत्ता का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

### मई में समस्या निवारण शिविर में मुख्यमंत्री सुनेंगे

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्रों के निकायों में शिविर लगाकर आवेदन लिए जा रहे हैं। आवेदनों का मौके पर निराकरण का प्रयास हो रहा है। ऐसे आवेदन जिनका निराकरण उच्च अधिकारियों के पास फाइल भेजने के बाद ही होगा, उसे नस्तीबद्ध कर संबंधित अधिकारी के पास भेजने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। अप्रैल के बाद मई में मुख्यमंत्री खुद लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इसके लिए जगह-जगह समस्या निवारण शिविर लगाए जाएंगे। इस शिविर में मंत्री, सांसद, विधायक और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### सुशासन तिहार में आए अजीबोगरीब आवेदन

सुशासन तिहार में गांव और शहर के लोग अपनी समस्याओं को लेकर सरकार को आवेदन दे रहे हैं, लेकिन इस दौरान कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो सरकार से अजीबोगरीब डिमांड कर रहे हैं। अंबिकापुर के एक संविदा कर्मचारी ने अपनी शादी के लिए सरकार से मदद की गुहार लगाई है। अंबिकापुर से ही मैनपाट के रहने वाले एक युवक ने सरकार से ससुराल जाने के लिए बाइक की मांग की है। वहीं धमतरी जिले एक आवेदक राजमन ध्रुव ने लिखा है कि पिछले 10 साल से अपनी शादी के लिए लड़की खोज रहा है, लेकिन नहीं मिल रही। उन्होंने मुख्यमंत्री से इसमें मदद के लिए गुहार लगाई है। वहीं एक आवेदक ने राज्य के वित्तमंत्री को हटाने की मांग की हैं।

# सीएम ने कहा- रायपुर एयरपोर्ट पर जल्द शुरू होगी इंटरनेशनल कार्गो की सुविधा

**किसानों को मिलेगा फायदा**

बीज निगम एवं राज्य कृषक कल्याण परिषद के नवनियुक्त अध्यक्षों का पदभार ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहा, कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड तथा छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद की किसानों एवं कृषि के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

खेत तभी लहलहाते हैं, जब बीज अच्छा होता है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड की जिम्मेदारी है कि किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीज समय पर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा, आज पदभार ग्रहण कर रहे दोनों अध्यक्ष स्वयं किसान हैं। वे किसानों की कठिनाइयों को अच्छे से समझते हैं। निश्चित रूप से दोनों अध्यक्ष अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा, रायपुर एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल कार्गो की सुविधा जल्द शुरू होगी। किसानों की उपजों को इससे अंतरराष्ट्रीय मार्केट मिलेगा और उन्हें फायदा होगा। मुख्यमंत्री शनिवार को नवा रायपुर के सेक्टर-24 में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड एवं छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के नवनियुक्त अध्यक्षों के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर एवं छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्रवंशी को नए दायित्व के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार किसानों के दुःख-दर्द को समझती है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि और किसानों की उन्नति के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ छत्तीसगढ़ को भी मिल रहा है। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, रूपकुमारी चौधरी, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, संपत अग्रवाल सहित विभिन्न मंडल आयोग के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड एवं छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित थे।

# टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ को सौंपा क्रमोन्नति आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव के नेतृत्व में जिले के शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती से सौजन्य मुलाकात कर क्रमोन्नत वेतनमान समयमान वेतनमान का आवेदन सौंपकर शीघ्र ही लाभ प्रदान करने की मांग की या है।

■ जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती से सौजन्य मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

श्री वैष्णव ने जिला शिक्षा अधिकारी महोदय को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश के शिक्षकों में क्रमोन्नत वेतनमान मिलने की उम्मीद जगी है पूरे प्रदेश में शिक्षक आवेदन कर रहे हैं इसके अलावा उन्होंने सर्विस बुक संधारण प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के रिक्त पदों में प्रमोशन के संबंध में चर्चा किए।



जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा यथोचित समय पर शिविर लगाकर सर्विस बुक संधारण करने तथा अन्य मामले पर भी सकारात्मक पहल करने का आश्वासन मिला। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव, जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष तोमर डोंडे, जिला संयोजक खेलावन घृतलहरे, महेंद्र वैष्णव, चुड़ामणी साहू, बुद्धेश्वर ध्रुव, राजकुमार लहरे, संपत कुमार साहू, दीपक सारंग, मंतराम सागर आदि उपस्थित थे।

# भाजपा ने चलाया स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

भारतीय जनता पार्टी पलारी मंडल द्वारा 6 से 14 अप्रैल तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया गया जिसके तहत थाना परिषर में संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के प्रतिमा की साफ–सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर



के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, भाजपा वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अजा मोर्चा दुर्गा महेश्वर, प्रदेश महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा ओमप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व नगर अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, जिला प्रतिनिधि नंदकुमार वर्मा, पार्षद डोमार वर्मा, पूर्व पार्षद ताजेंद्र कनौजे, भाजपा को मनोज वर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य संकेत वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष भोला वर्मा, उपाध्यक्ष गौतम यादव, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी योगेश योगी वर्मा, युवा नेता प्रमोद देवांगन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चीचिरदा चौराहे पर जपं अध्यक्ष के हाथों हुआ प्याऊ घर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

भारत स्काउट एंड गाइड विकासखंड बलौदाबाजार के चिचिरदा चौराहे में प्याऊ घर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष बलौदा बाजार श्रीमती सुलोचना यादव के हाथों शुभारंभ किया गया । मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह पुण्य का कार्य है इसमें भीषण गर्मी में राहगिर अपनी आत्मा को तृप्ति करते हैं। इस कार्य में हम सभी को बढ़ चढ़कर आगे आना चाहिए। स्काउट गाइड द्वारा समाज के लिए यह कार्य पथ प्रदर्शक है सुलोचना यादव द्वारा मटका, गिलास, गुड की व्यवस्था किया गया। इस अवसर पर युवा नेता प्रशांत यादव विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा, स्काउटर नरेंद्र कुमार वर्मा ,मथुरा प्रसाद वर्मा ,भगवत प्रसाद चंद्राकर ,चंद्रकांत वर्मा, लहाराम मनहरे ,पारसनाथ वर्मा, प्रधान पाठक शत्रुहन प्रसाद यादव, प्रभारी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल चिचिरदा दाऊलाल साहू , प्रेमलता साहू व्याख्याता , ग्राम पंचायत पैजनी के उप सरपंच एवं स्काउट गाइड व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## पेज 11 का शेष

### रात्रि तक मंदिरों

युवकों के द्वारा भजन किया गया तथा दोपहर 2 बजे से महाभंडारा प्रारम्भ किया गया। जिसमे पुलाव,सब्जी, खीर,पुरी, हलवा वितरित किया गया जो रात्रि 8 बजे तक जारी रहा। दोपहर 3 बजे रामायण पाठ एवं भजन महिला मंडली के द्वारा किया गया। शाम 7 बजे महाआरती व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भव्य सुंदरकांड का पाठ पुरुषों द्वारा किया गया। थाना परिसर में स्थित बजरंगबली मंदिर में श्रद्धालुओं ने संगीतमय राम कथा का भरपूर आनंद लिया । संध्या समय भगवान बजरंगबली का मंगलमय आरती कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए । इस अवसर पर लिनेश क्लब सिमगा के सोनम जैन नीता शर्मा पूजा देवांगन श्वेता अवस्थी शीलमणि उपाध्याय शालू पंजवानी सिमरन पंजवानी स्मृता शर्मा निधि जैन सहित क्लब की महिलाओं ने भंडारा का आयोजन किया। इस बीच शकंर नगर बजरंग दल एवं महामाया मंदिर समिति के युवा सदस्यों के द्वारा भव्य शोभायात्र निकाली गई।






## खबर संक्षेप



### च्वाईस सेंटर संचालक से मारपीट

**महासमुंद।** बिरकोनी में च्वाईस सेंटर संचालक के साथ मारपीट के मामले में एक आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी डोमेश्वर साहू निवासी वार्ड नं 19 बिरकोनी ने बताया कि वह एनएच 53 रोड में च्वाईस सेंटर का संचालन करता है। 11 अप्रैल की शाम करीब 6.30 बजे बजे अपने च्वाईस सेंटर को बंद अपने मोटर सायकल में घर जाने वाला था, तभी गांव के लोकेश यादव ने वहां आकर अपने मोटर सायकल उसी गाड़ी के सामने खड़ी कर दिया, जब उसने लोकेश यादव से गाड़ी हटाने कहा तब आरोपी ने गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी। साथ ही जान से मारने और दुकान का सामान तोड़फोड़ करने की धमकी दी। मामले में कोतवाली में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सौ बोतल देशी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग के कब्जे से सौ पौवा यूनिक देशी प्लेन शराब जब्त किया है। मामले में नाबालिग के साथ एक अन्य के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि 11 अप्रैल को सितली नाला देशी शराब दुकान के पास एक व्यक्ति द्वारा अवैध शराब परिवहन एवं एकत्र करने की सूचना के बात रेड कार्रवाई की गई। विधी से संघर्षरत बालक के कब्जे से यूनिक देशी प्लेन शराब कुल 100 पौवा बरामद किया गया। रेड कार्रवाई के दौरान पुलिस विधि से संघर्षरत बालक की तलाशी में प्लास्टिक बोरे में भरा हुआ यूनिक देशी प्लेन शराब 20 पौवा बरामद किया गया। साथ ही पूछताछ में नाबालिग आरोपी ने बताया कि मनोज स्वीपर उर्फ राजकुमार पिता महेश स्वीपर के द्वारा दिए गए पैसे से देशी शराब दुकान सितली नाला से यूनिक देशी प्लेन शराब खरीद कर देशी शराब दुकान के पीछे झाड़ियों के पास शराब को रखना बताया। इसके बाद पुलिस ने देशी शराब दुकान के पीछे से 80 पौवा यूनिक देशी प्लेन शराब जब्त किया। विधि से संघर्षरत बालक ने बताया कि शराब लाने पर उसे प्रति पौवा 2 रुपए का कमीशन दिया जाता है। मामले में पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक के अलावा एक अन्य आरोपी मनोज कुमार उर्फ मनोज स्वीपर उर्फ राजकुमार पिता महेश स्वीपर निवासी स्वीपर कालोनी थाना महासमुंद संलिप्तता के संबंध में तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त होने पर मौके पर धारा 34(2), 42 आबकारी एक्ट, 111(2)(बी), 95 बीएनएस, 78 जेजे एक्ट के तहत कार्रवाई कर विवेचना में लिया है।

### शोभायात्रा में शामिल हुए साहू

**महासमुंद।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय में बजरंग दल के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने परंपरागत भगवा ध्वज लेकर अनुशासित रूप से शोभायात्रा में भाग लिया।

### बाबा साहब की जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई जाएगी

**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल के भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा, भारतीय संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के पूर्व अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा और आसपास के स्थल की साफ-सफाई की गई। भाजपा शीर्ष संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमो में से एक कार्यक्रम 14 अप्रैल को भारतरत्न, डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को भाजपा समरसता दिवस के रूप मनाती है। स्वच्छता के अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, मीना वर्मा, पार्षद माखन सहित भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विद्युत, सड़क, अग्नि और एलपीजी सुरक्षा पर संयंत्र का जागरूकता कार्यक्रम

## संयंत्र प्रमुख नुगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड, रावन सीमेंट सी. एस. आर द्वारा शुक्रवार को अग्नि, विद्युत, एलपीजी एवं सड़क सुरक्षा के बारे में एक जागरूकता कार्यक्रम कम्युनिटी ट्रेनिंग सेंटर गुमा में संयंत्र प्रमुख नुगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संयंत्र के फायर सेफ्टी विभाग से अग्निशमक सुरक्षा अधिकारी देवेश सिंग यादव नें अग्नि, विद्युत, एलपीजी एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन तथा व्यवहारिक प्रदर्शन के माध्यम से



### सुरक्षा की महत्वपूर्ण बातों को अपने जीवन में अमल करें

उन्होंने देश–विदेश एवं आसपास होने वाले दुर्घटनाओं एवं उनके पीछे कारण को समझाया। इस तरह सुरक्षा के महत्वपूर्ण बातों को अपने जीवन में अमल में लाकर दुर्घटनाओं से बचने एवं सुरक्षित रहने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया गया। सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने पर महिलाओं ने कहा कि इस कार्यक्रम से जो हमें जानकारी मिली उसे अपने घरो में चर्चा करेंगे तथा घर के पुरूष सदस्यों को संभावित दुर्घनाओं से बचने के लिए नियमों के पालन करने के लिए कहेंगे।

कैसे अपने परिवार को बचाया जा सकता है पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि जब हम जागरुक रहेगें तब ही हम अपने परिवार की सुरक्षा कर सकते हैं। वहीं सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति द्वारा सुरक्षा को दैनिक जीवन मे अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। तथा अधिकारी रंजय पाण्डेय ने सुरक्षा के नियमों का पालन करनें के लिए प्रतिभागियों को जाकरुक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी एस आर टीम से सुरेंन्द्र कुमार यादव, द्वारिका वर्मा, ताराचंद वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, रमा वर्मा एवं टोपेश्वर मानिकापुरी की भूमिका रही।

## पर्व : डीजे की धुन पर नाचते गाते, पटाखे फोड़ते दिखाई दिए श्रद्धालु

# शिव सैनिकों ने धूमधाम से मनाई रामनवमी व हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

नगर में इस वर्ष भी शिव सैनिकों ने प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद के सानिध्य में रामनवमीं उत्सव व हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। स्व. बिसौहाराम निषाद के स्मृति में परिजनों द्वारा निर्मित हनुमान मंदिर में सत्यनारायण कथा, सुंदरकांड पाठ हुआ सभी रामभक्तो को खीर पुड़ी प्रसाद वितरण किया गया।

नगर के तिल्दा रोड स्थित शिव मंदिर में पूजा पश्चात डीजे की धुन पर नाचते गाते, पटाखे फोड़ते हुए , हाथों में भगवा ध्वज लिए सैकड़ों रामभक्त जय श्री राम के नारों के साथ शोभायात्र निकाली गई जोकि तिगड्डा चौक, संगम चौक, शिव नगर उड़ेला बाजार चौक होते दुर्गा चौक पहुंचा जहां महाआरती पश्चात रात्रि संगीतमय रामायण के साथ समापन हुआ। वहीं बाजार चौक हनुमान मंदिर में भी विधिवत पूजा पश्चात रामायण का कार्यक्रम जिसमें सुंदरकांड पाठ किया गया और भक्तों को प्रसाद बांटा गया, जहां मानस पाठ समिति अध्यक्ष डॉ यूके बिश्वास, बीजेपी जिलाध्यक्ष आनंद यादव, थाना प्रभारी केसी दास, कामगार सेना जिलाध्यक्ष योगेश्वर वैष्णव, कार्य सदस्य दिलीप चतुरे,सिमगा नगर अध्यक्ष वैभव चौबे, हथबंद अध्यक्ष ओमप्रकाश ध्रुव, लावर भानु नेताम, दरचुरा सोनऊ पटेल , सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत, मूलचंद टण्डन, रुपचंद पाटिल, प्रकाश पाल नरेंद्र निषाद, कुलदीप , विरेन्द्र, गोपी, कृष्ण कुमार, मयंक निषाद समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



### पलारी में हुआ हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी वार्ड क्रमांक 13 रानी दुर्गावती वार्ड में श्री राम सेना युवा समिति के तत्वावधान में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे दोपहर को श्री राम सेवा समिति के सदस्यों व वार्डवासियों की उपस्थिति में संकट मोचन का विधिवत पूजन अर्चना कर आशीर्वाद लिया। शाम को नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा के मुख्य आतिथ्य,पार्षद रवि ध्रुव की अध्यक्षता पार्षद डोमार वर्मा पार्षद कृष्णा देवांगन युवा नेता हर्षू वर्मा पुनीत रजक राकेश छेदइया के विशिष्ट आतिथ्य में प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पिंटू वर्मा ने श्री राम सेना के सभी सदस्यों को इस सफल धर्मिक आयोजन के लिए बधाई शुभकामनाएं देते हुए संकट मोचन हनुमान जी से सभी के जीवन को बल बुद्धि और समस्त कष्टों की निवारण के लिए प्रार्थना की। ततापश्चात अतिथियों ने शोभा यात्र को सुभाष धुमाल के भक्तिमय धुन में नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर ऋषि साहू, साधराम यादव ,राजू कन्नौजे, सौरव वमा,र् सुमित तिवारी, नेतराम यादव , अजय यादव, शैलेंद्र यादव, हेमंत देवांगन, गोपी यादव, गैंदराम वर्मा, शिव यादव संतोष देवांगन, तुलाराम साहू सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।



### जयंती पर हनुमान मंदिर में चालीसा पाठ



खरोरा। शनिवार को खरोरा सहित अंचल में भक्तों नें संकट मोचक हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान भक्तों द्वारा सुबह से ही हनुमान मंदिरों की साफ–सफाई कर हनुमान प्रतिमा का बंदन का लेप लगाया गया। पश्चात हनुमान चालीसा तथा सुंदरकाड पाठ का आयोजन किया गया। खरोरा स्थित गांधी चौक बालाजी दरबार हनुमान मंदिर, हाईस्कूल स्थित हनुमान मंदिर, रायपुर मार्ग स्थित मुरा में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर सहित सभी हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना कर प्रसादी का वितरण किया गया। वही श्री सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति द्वारा रायपुर मार्ग, बलौदाबाजार मार्ग में हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों ने प्रसाद का वितरण किया।

### धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

गोपालपुर। गोलपुर के दक्ष किराना दुकान के सामने हनुमान मंदिर मे धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सुन्दर कांड एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया तथा राहगीरों को नीबू पानी पीलाया गया। अंत में प्रसादी का वितरण किया गया।





# सुहेला में खल्लारी मेले का तीसरा दिन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

गांव में आयोजित तीन दिवसीय खल्लारी मेला का आज तीसरा और अंतिम दिन है। यह मेला हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रारंभ होता है और लगातार तीन दिनों तक चलता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता खल्लारी देवी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

■ मेले में उमड़ा जनसैलाब, दूर-दूर से आ रहे श्रद्धालु

मेले में दूर-दूर के गांवों से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा है। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने है। हर कोई माता जी के दर्शन करने और मन्नतें मांगने के लिए उत्सुक नजर आ रहा है। तीनों दिन भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा। मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस बल पूरी तरह से तैनात रहा, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसके साथ ही स्काउट गाइड के सदस्यों ने पेयजल व्यवस्था संभाली, जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी में किसी प्रकार की परेशानी न हो। खल्लारी मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक मेल-जोल और संस्कृति का भी संगम है। यह मेला क्षेत्र की समृद्ध परंपरा और आस्था को जीवंत करता है। तीन दिन तक चल रहे मेले पर श्रद्धालुओं के चेहरों पर संतोष और आस्था की चमक साफ देखी जा सकती है।

### सड़क है जर्जर, मेला जाने वाले श्रद्धालु हो रहे परेशान

**गोपालपुर।** प्रति वर्ष देवसागर मे हींगलाज देवी के चौत्र पुणिमा के दिन मेला लगता है। जिसमे दूर दूर के श्रद्धालुओं दर्शन करने जाते है। वहीं मंदिर को भव्य बनाया गया है। मेन रोड से देवसागर जाने का रास्ता नहर पार के सड़क से जाना पड़ता है किंतु रास्ता बहुत जर्जर होने के चलते धुल का गुंबार रहता है जिससे राहगिरो को रास्ता दिखाई नही पड़ता और यह सड़क बहुत सकरी है, जिससे मेला स्थल पहुंचे मे घंटो लग जाता है। गगोरी टांड़ा के ग्रामीणों ने चर्चा करने पर बतलाया कि उक्त सड़क को पक्की सड़क बनाने के लिए अनेकों बार शासन प्रशासन से मांग कर चुके है। लेकिन आज पर्यन्त तक मांग पुरा नही किया गया है।



# जिला समिति के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ तरपोंगी का स्थानीय समिति चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम तरपोंगी सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा संचालित ग्राम भारती जिला रायपुर समिति के अधीनस्थ सरस्वती शिशु मंदिर जिसमे बारह से ज्यादा आश्रित ग्राम मोहदा,अदेवरी, असंकरा असिलपट्टी, गुजरा, भुरसुदा, बुंदेली, भूमिया, खैरखुट, सगुनी, अकोली निनवा, सढ़ढू आदि गांवों से 527से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत है। शनिवार को जिला समिति रायपुर से चुनाव अधिकारी के रूप में डोमार वर्मा और सुरेंद्र नशीने के मार्गदर्शन में चुनाव कार्य संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता गजेन्द्र कुमार वर्मा उपाध्यक्ष के रूप में लक्ष्मी स्वीट के प्रोपायाटर मिलेंद्र वर्मा,सचिव प्रफुल्ल गिरी गोस्वामी संयुक्त



सचिव श्रीमती मेघा वर्मा कोषाध्यष तुलसी राम वर्मा, प्रबंध समिति के संरक्षक दाऊ सुरेंद्र कश्यप सदस्य के रूप में पुनाराम वर्मा, डोमार वर्मा, तुलसी राम वर्मा, शिव हनुमंता, पोषण वर्मा, गोपेश्वर वर्मा,महिला सदस्य प्रीति नायक, सुनीता नायक मेघा वर्मा का नवीन कार्यकारिणी के रूप में गठन हुवा। समिति चुनाव में मार्गदर्शक के रूप में जिला ग्राम भारती के अध्यक्ष पुनाराम वर्मा, पूर्व अध्यक्ष रेवा राम सोनी,सहसचिव तोषण साहू प्रधानाचार्य तुलसी राम वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# प्रधान पाठक साधराम चौधरी को सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विदाई और सम्मान समारोह एक ऐसा अवसर होता है जब किसी व्यक्ति को उनकी सेवा और योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है, और साथ ही उन्हें उनके अगले कदम के लिए शुभकामनाएं दी जाती हैं। आपको बता दे कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला थरगांव के प्रधान पाठक रहें साधराम चौधरी को 42 वर्षीय सेवा पश्चात सम्मानजनक विदाई दिया गया।

■ आपसी प्रेम सहयोग की भावना और सम्मान के प्रति ऋणी हूं: प्रधानपाठक

स्कूल के छात्र छात्राओं ने नम आंखों से अपने गुरु के चरण स्पर्श किया और रो पड़े। बच्चों का स्नेह दुलार पाकर गुरुजी भी भावुक हो गए। श्री चौधरी ने अपने पुराने दिनों की यादों को ताज़ा करते हुए बताया कि अपने दोस्त पन्ना महाराज के साथ जाते थे जिसमें ब्रेक नही होता था। आगे कहा कि आपसी प्रेम सहयोग की भावना और सम्मान के प्रति ऋणी है। सम्मान समारोह में संकुल केंद्र थरगांव के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं गांव के गणमान्य नागरिक स्कूल के छात्र छात्राओ ने मिलकर श्री चौधरी को उनके निवास स्थान चांदन तक डीजे के धुन में रथ में सवार कराकर काफी प्रसन्नता के साथ ले गए। साथ में डी. एन साहू ने सभी लोगो का अभिवादन किया। बच्चों और शिक्षकों ने भी उपहार दिया।



## चंदियापथरा में हुआ माता कर्मा जयंती पर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

# माता कर्मा की भक्ति पर आधारित साहू का इतिहास समाज का गौरव : विधायक इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा/सिमगा

विधानासभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चंदियापथरा में आयोजित माता कर्मा जयंती एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव ने कहा कि माता कर्मा की भक्ति, सेवा और समर्पण की भावना साहू समाज को संस्कारवान एवं धर्मनिष्ठ बनाने की प्रेरणा देता है।

विधायक श्री साव ने अपने संबोधन में युवाओं से आह्वान किया कि वे गांव की शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वयं उठाएं। उन्होंने वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों एवं नशाखोरी पर चिंता व्यक्त की और कहा कि युवाओं को इस बुराई से बाहर निकलकर समाज निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शाम के समय गांवों का वातावरण महिलाओं के लिए असुरक्षित होता जा रहा है, जिसे बदलने की जरूरत है।



इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें संतोष साहू, कमलेश साहू, लोकनाथ साहू, हीरालाल साहू, राजू साहू, रामाधार साहू, तिजु साहू, हेमलाल साहू, भीष्म साहू, विष्णु कोसले, कोमल टंडन तथा दिनेश साहू प्रमुख रूप से शामिल थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411